प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की राहत को रखा बरकरार, इडी को जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश।
- जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर रांची में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कई छात्रों को लगी चोटें, कई हिरासत में।
- भाजपा ने छात्रों पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की, कांग्रेस ने कहा– सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर गंभीर।
- राष्ट्र आज 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मना रहा है विजय दिवस, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि।
- मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और चतरा समेत सात जिलों में शीतलहर चलने की जारी की चेतावनी, लोगों को सतर्क रहने की दी सलाह।

**************

झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की राहत को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। अदालत ने अगली सुनवाई तक ईडी को जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने रांची स्थित एमपी–एमएलए की विशेष अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सशरीर अदालत में उपस्थित होने को कहा गया था।

**************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आज नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय के पास प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस लाठीचार्ज में कई छात्रों को चोटें आयी हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जेएलकेएम नेता देवेन्द्र महतो समेत कई छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इधर, सीजीएल में सफल अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन की प्रक्रिया भी जेएसएससी कार्यालय में जारी है।

**************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों पर रांची में हुए लाठीचार्ज की भाजपा ने कड़ी निंदा की है। हजारीबाग में पार्टी विधायक मनोज यादव ने कहा कि नाराज छात्रों से सरकार को संवाद करना चाहिए था न कि उनके खिलाफ बल प्रयोग।

पार्टी विधायक प्रदीप प्रसाद और अमित यादव ने भी छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना की कड़ी आलोचना की है।

**************

इस बीच कांग्रेस पार्टी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि छात्रों को विरोध की जगह बातचीत का रास्ता अख्तियार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन युवाओं के प्रति संवेदनशील हैं।

कांग्रेस नेता ने यह भी बताया कि मणिपुर में हो रही हिंसा और एक व्यवसायिक समूह के विरोध में पार्टी की ओर से 18 दिसंबर को रांची के शहीद चौक से राजभवन तक मार्च किया जाएगा।

**************

झारखंड समेत देशभर में जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने जनजातीय उत्तम ग्राम अभियान के तहत जनजातीय होमस्टे विकसित करने की पहल को मंजूरी दी है। लोकसभा में आज पलामू

सांसद वीडी राम के एक सवाल के जवाब में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि होमस्टे के निर्माण के लिए प्रति इकाई पांच लाख रूपए ग्राम समुदाय को दिये जा रहे हैं।

***************

रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में छात्राओं से छेड़खानी करने के आरोपी फिरोज अली उर्फ सुग्गा को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड का रहने वाला है।

नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि स्पीडी ट्रायल के माध्यम से गिरफ्तार अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह का कृत्य करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

***************

महिला के खिलाफ बढ़ रही हिंसा की घटनाओं के विरोध में आज रांची में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोशिएशन और नारी शक्ति क्लब ने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने अलबर्ट एक्का चौक के समीप मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध दर्ज किया। संगठन की सदस्यों ने कहा कि हाल के कुछ वर्षों में झारखंड समेत देशभर में महिला हिंसा, दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न जैसी घटनाओं में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

***************

देवघर में रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण का काम जारी है। इस सिलसिले में केन्द्र सरकार ने पहले फेज में 98 करोड़ रुपये भू–अर्जन विभाग को दिये हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। इसी दिन पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए खान नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 1971 के युद्ध के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।

***************

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के कारण रांची समेत राज्यभर में ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। रांची के कांके और मैक्लुस्कीगंज में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा है कि अगले पांच दिनों तक ठंड से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। ठंड की स्थिति को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के सात जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, गुमला, रामगढ़, बोकारो तथा धनबाद के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त*******